testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹599 FOR 1 YEAR BUY NOW testbook

# पराक्रम पर्व 2018 - सर्जिकल स्ट्राइक पर GK नोट्स का PDF डाउनलोड करें!

पाकिस्तान में रहने वाले आतंकियों ने 18 सितंबर, 2016 को कश्मीर के उरी में सैन्य शिविर पर हमला किया था जिससे भारत के करीब 20 सैनिक शहीद हो गए थे। इसी हमले का जवाब देते हुए 28 सितंबर की रात को भारतीय सेना ने नौशहरा के कलाल सेक्टर के सामने भिंबर सेक्टर व मेंढर के तत्तापानी सेक्टर में सर्जिकल स्ट्राइक कर कई आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था। महिमा के इस दिन को सर्जिकल स्ट्राइक डे कहा जाता है। तब से, पूरे देश में एक तीन दिवसीय उत्सव 'पराक्रम पर्व' मनाया जाता है। पर्व के दौरान होने वाली विभिन्न महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में जानने के लिए इस आलेख को पढ़ें।

## भारत द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक, 2016

उरी हमले के 10 दिन बाद, भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम दिया गया था। सेना का नेतृत्व लेफ्टिनेंट जनरल रणबीर सिंह ने किया था। 4 घंटे तक चले इस सर्जिकल स्ट्राइक में भारतीय सेना ने आतंकियों के लॉन्च पैड्स को तबाह कर डाला था। हालांकि पाकिस्तान ने भारतीय सेना के दावे का खंडन करते हुए कहा था कि भारतीय सेना ने संघर्षविराम का उल्लंघन कर गोलीबारी की और हमले में उसके दो जवानों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। सर्जिकल स्ट्राइक के बाद, भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे पर नियंत्रण रेखा के पास कई छोटे हथियार व मोर्टारों से हमले किए, जिसके परिणामस्वरूप दोनों तरफ हताहतों की लगातार खबरें सामने आयी।

testbook.com

## पराक्रम पर्व उत्सव, 2018

भारत द्वारा ऐतिहासिक सर्जिकल स्ट्राइक का जश्न मनाने के लिए, प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि हर साल तीन दिन का जश्न मनाया जाएगा। पराक्रम पर्व, पूरे देश में 28 से 30 सितंबर तक मनाया जाएगा। इस समारोह में सेना और उनके कामों को सम्मानित किया जाएगा। इस साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के इंडिया गेट से इस पर्व की शुरूआत करेंगे। उसके बाद वे कोणार्क युद्ध स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री पराक्रम पर्व से जुड़ी मुख्य बातों पर चर्चा करेंगे। जो एक असाधारण प्रदर्शनी है जिसमें भारतीय सेना के बहादुरी और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा।



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹400 FOR 4 MONTHS BUY NOW testbook

प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री तीनों सेना के प्रमुख से मिलेंगे। जो पाकिस्तान और चीन के साथ सीमा पर चल रहे गतिविधियों के बारे में जानकारी देंगे। 2016 से लगातार तीसरी बार इस सम्मेलन का आयोजन दिल्ली से बाहर किया जा रहा है। तब इसे आईएनएस विक्रांत बोर्ड में आयोजित किया गया था, इसके बाद 2017 में भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में आयोजित किया गया था।

## पराक्रम पर्व प्रदर्शनी

प्रदर्शनी की मुख्य विशेषताएं -

- 2016 सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित 8 मिनट की फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा।
- लोगों के लिए सेल्फी लेने की व्यवस्था की जाएगी, जहाँ लोग तस्वीरें लेकर सोशल मीडिया पर हैशटैग '# पराक्रम पर्व' के साथ पोस्ट कर सकते हैं।
- भारतीय सेना के हथियारों की भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।
- आंतकियों से कब्जे में लिए गए हथियारों की प्रदर्शनी।
- सैनिकों को सीधा संदेश भेजने के लिए विशाल कैनवास डिजिटल दीवारों को स्थापित किया जाएगा।

testbook.com

ये 2018 पराक्रम पर्व और 2016 सर्जिकल स्ट्राइक की कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां थी। दुनिया में होने वाली घटनाओं से अवगत रहें और नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके अपना स्टेटिक जीके मजबूत बनाएं!

| | |
|---|---|
| **न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा** | **भारतीय हवाई अड्डे और शहर** |
| **आधार अधिनियम संवैधानिक** | **भारतीय स्टॉक एक्सचेंज की सूची** |
| **राष्ट्रीय खेल पुरस्कार और विजेता** | **बैंक विलय (बैंक ऑफ बड़ौदा, विजया बैंक और देना बैंक)** |



testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹200 FOR 1 MONTH BUY NOW testbook